an>

Title: Need to give arrears of sugarcane growers in Uttar Pradesh.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : महोदया, सरकारी आंकड़े कहते हैं कि इस देश के अंदर 65 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं, पर जिंदगी के आंकड़े कहते हैं कि शत-प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित हैं। बिना कृषि और किसान के कोई आदमी जिंदा नहीं रह सकता। कृषि और किसान केवल मात्र राज्य का विषय नहीं हो सकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र बागपत में दो शुगर मिल्स हैं। मैंने पिछली बार भी यह सवाल सदन में उठाया था कि किसानों के तीन सौ करोड़ रुपये अभी भी बाकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में जो पिटीशन आया है, उसमें चीनी मिलों ने... * बोला है कि उन्होंने 80 प्रतिशत किसानों का भुगतान किया है। यह 20 परसेंट भी नहीं हुआ है।

माननीय अध्यक्ष : असंसदीय शब्द कार्यवाई में नहीं जाएगा।

डॉ. सत्यपाल सिंह : मेरा भारत सरकार से निवेदन है, चूंकि उन्होंने बहुत बड़ा फ्रॉड किया है, किसानों के पैसे का दुरुपयोग किया है।

माननीय अध्यक्ष : आप बार-बार इस तरह के शब्दों का प्रयोग न करें, केवल अपनी बात रखें।

डॉ. सत्यपाल सिंह : महोदया, मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि किसानों के हित को देखते हुए किसानों के गन्ने का जो इस समय पैसा बकाया है, किसी भी तरह से उसका भुगतान कराया जाए।